Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UKPSC

## Previous Year Paper

### Horticultural Supervisor

### 07 Jan, 2024

Teachingninja.in

1. उत्तराखण्ड बजट 2023-24 के अनुसार, उत्तराखण्ड ने अपने कुल व्यय का कितना प्रतिशत ऊर्जा पर आवंटित किया है ?
(a) 1.1 प्रतिशत (b) 1.8 प्रतिशत (c) 2.3 प्रतिशत (d) 2.5 प्रतिशत

2. उत्तराखण्ड बजट 2023-24 के अनुसार, उत्तराखण्ड के किस जनपद में दालचीनी घाटी विकसित की जायेगी ?
(a) देहरादून (b) अल्मोड़ा (c) नैनीताल (d) उत्तरकाशी

3. महात्मा गाँधी की किस शिष्या ने ऋषिकेश में 'पशुलोक आश्रम' की स्थापना की ?
(a) सरला बहन (b) मीरा बहन (c) कमला देवी (d) कुन्ती वर्मा

4. निम्नांकित में से कौन पर्यावरण आन्दोलन से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) जसपाल राणा (b) चण्डीप्रसाद भट्ट (c) सुन्दरलाल बहुगुणा (d) कल्याण सिंह रावत

5. 'राजी' जनजाति उत्तराखण्ड के किस जनपद में पायी जाती है ?
(a) देहरादून (b) अल्मोड़ा (c) पिथौरागढ़ (d) उधमसिंह नगर

6. उत्तराखण्ड में 'सीमान्त अभियांत्रिकी संस्थान' (एस ई आई) कहाँ स्थित है ?
(a) चमोली (b) उत्तरकाशी (c) पिथौरागढ़ (d) इनमें से कोई नहीं

7. 'साक्षर भारत कार्यक्रम' का मुख्य उद्देश्य किस आयुवर्ग को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना है ?
(a) 5 वर्ष और उससे अधिक (b) 10 वर्ष और उससे अधिक
(c) 15 – 35 वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड के किस राष्ट्रीय उद्यान में सर्वाधिक पर्यटकों का आगमन 2020-21 में पंजीकृत किया गया ?
(a) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान (b) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(c) गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान (d) फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान

9. 'हिमालया मेगा फूड पार्क' उत्तराखण्ड के निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(a) लोहाघाट, चम्पावत (b) महुआखेड़ा, काशीपुर (c) पुनाह पोखरी, देहरादून (d) फल्या, अल्मोड़ा

10. उत्तराखण्ड राज्य का प्रथम नर्सिंग कॉलेज 'राज्य नर्सिंग कॉलेज' कहाँ स्थित है ?
(a) हल्द्वानी (b) हरिद्वार (c) देहरादून (d) पिथौरागढ़

11. 22वें राष्ट्रमण्डल खेल 2022 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते ?
(a) 67 (b) 57 (c) 22 (d) 26

12. निर्यात तैयारी सूचकांक (ई.पी.आई.) 2021 के अनुसार, भारत के समस्त राज्यों के संदर्भ में उत्तराखण्ड की श्रेणी (रैंक) थी
(a) 17वीं (b) 18वीं (c) 19वीं (d) 20वीं

13. 'युवा विकास सूचकांक-2017' के अनुसार, उत्तराखण्ड का समग्र भारत युवा विकास सूचकांक में स्थान (रैंक) था
(a) तीसरा (b) चौथा (c) पाँचवाँ (d) नौवाँ



Teachingninja.in

**14.** रिया पूर्व की ओर मुँह करके खड़ी है । वह 100° दक्षिणावर्त्त तथा बाद में 145° वामावर्त मुड़ती है । अब उसका मुँह किस दिशा में है ?

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण-पश्चिम (c) उत्तर (d) पूर्व

**15.** यदि $\frac{x}{2y} = \frac{3}{5}$, तो $\frac{x^2 + y^2}{x^2 - y^2}$ का मान है :

(a) $\frac{11}{61}$ (b) $\frac{61}{11}$ (c) $\frac{11}{51}$ (d) $\frac{51}{11}$


**16.** 500 और 600 के मध्य कितनी संख्यायें हैं जिनमें '9' केवल एक बार आता है ?

(a) 21 (b) 20 (c) 19 (d) 18

**17.** चार लड़कियाँ फोटो खिंचवाने के लिये बेंच पर बैठी हैं । शिखा, रीना के बायीं ओर तथा मंजू, रीना के दायीं ओर बैठी है । रीता, रीना और मंजू के बीच है । बायीं ओर से दूसरे स्थान पर फोटो में कौन है ?

(a) शिखा (b) रीता (c) मंजू (d) रीना

**18.** निम्न चित्र में लुप्त संख्या (?) है :




(a) 100 (b) 125 (c) 216 (d) इनमें से कोई नहीं

**19.** यदि P, '+' को प्रदर्शित करता है; Q, '–' को प्रदर्शित करता है; R, '×' को प्रदर्शित करता है और S, '÷' को प्रदर्शित करता है, तो निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?

(a) 36R4S8Q7P4 = 10 (b) 16R12P49S7Q9 = 200
(c) 32S8R9 = 160Q12R12 (d) 8R8P8S8Q8 = 57

**20.** एक पुरुष 10 कि.मी. प्रति घण्टा की चाल से चल रहा है । वह प्रत्येक किलोमीटर के बाद 5 मिनट का आराम करता है । कितने समय में वह 5 कि.मी. की दूरी तय करेगा ?

(a) 55 मिनट (b) 50 मिनट (c) 45 मिनट (d) इनमें से कोई नहीं

**21.** y से.मी. की लम्बाई के एक तार को मोड़कर एक 13 ½ वर्ग से.मी. क्षेत्रफल का आयत बनाया गया है । यदि इस आयत की एक भुजा $x$ से.मी. हो, तो

(a) $2y = x + \frac{27}{x}$ (b) $y = 2x + \frac{27}{2x}$ (c) $y = x + \frac{27}{2x}$ (d) $y = 2x + \frac{27}{x}$

**22.** जब पाँच व्यक्तियों के समूह में एक 80 कि.ग्रा. भार वाले व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति से बदला गया तो परिणामस्वरूप औसत भार में 3 कि.ग्रा. की कमी आ गयी । नये व्यक्ति का भार क्या होगा ?

(a) 75 कि.ग्रा. (b) 65 कि.ग्रा. (c) 70 कि.ग्रा. (d) 64 कि.ग्रा.

**23.** यदि राम और श्याम की आय का अनुपात 3 : 5 है तथा श्याम और मोहन की आय का अनुपात 7 : 4 है, तो राम, श्याम और मोहन की आय का अनुपात ज्ञात करें ।

(a) 24 : 36 : 45 (b) 15 : 21 : 35 (c) 21 : 35 : 20 (d) 21 : 35 : 28

Teachingninja.in

24. एक किलोबाइट निम्न में से किसके बराबर होता है ?
(a) 1048 बाइट (b) 1014 बाइट (c) 1024 बाइट (d) 1050 बाइट

25. कम्प्यूटर के भौतिक घटकों को कहा जाता है
(a) हार्डवेयर (b) सॉफ़्टवेयर (c) फर्मवेयर (d) पेकेज

26. सी पी यू का तात्पर्य है :
(a) सेण्टर प्रोग्रामिंग यूनिट
(b) सेण्ट्रल प्रिंटिंग यूनिट
(c) सेण्ट्रल प्रोसेसिंग यूनिट
(d) सेण्ट्रल पिक्चरिंग यूनिट

27. निम्न में से कौन सी एक ग्रीन हाउस गैस नहीं है ?
(a) कार्बन डाइऑक्साइड
(b) हीलियम
(c) मेथैन
(d) नाइट्रस ऑक्साइड

28. एक ध्वनि तरंग की आवृत्ति 2 किलोहर्टज़ तथा तरंगदैर्घ्य 35 से.मी. है। 1.5 किलोमीटर की दूरी तय करने में कितना समय लगायेगी ?
(a) 70 सेकण्ड (b) 3000 सेकण्ड (c) 2.1 सेकण्ड (d) 13.5 सेकण्ड

29. सोनार से अभिप्राय है :
(a) नेविगेशन तथा रडार की ध्वनि
(b) ऑर्गन्स तथा विकिरणों की ध्वनि
(c) नेविगेशन तथा रेंजिंग की ध्वनि
(d) नेविगेशन तथा रेडियोधर्मिता की ध्वनि

30. दो न्यूरॉन्स के मध्य के अन्तराल को कहा जाता है
(a) डेण्ड्राइट (b) सिनेप्स (c) एक्सोन (d) इंपल्स

31. निम्न में से कौन सा एक पादप हार्मोन है ?
(a) इन्सुलिन (b) मेलाटोनिन (c) एस्ट्रोजन (d) साइटोकाइनिन

32. सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान स्थित है
(a) अरुणाचल प्रदेश में (b) कर्नाटक में (c) बिहार में (d) राजस्थान में

33. निम्न में से किसे कोशिका की आत्मघाती थैली कहा जाता है ?
(a) धानियाँ (b) अंतःद्रव्यीय जालिका (c) लाइसोसोम (d) केन्द्रक

34. प्रकाश संश्लेषण के लिए किसकी आवश्यकता नहीं है ?
(a) सूर्य (b) ऑक्सीजन (c) पर्णहरित (d) कार्बन डाइऑक्साइड

35. निम्न में से कौन सा पदार्थ एक लेन्स बनाने के लिए प्रयुक्त नहीं किया जा सकता है ?
(a) मिट्टी (b) जल (c) काँच (d) प्लास्टिक

36. निम्न में से कौन सी बीमारी विषाणुजनित है ?
(a) मलेरिया (b) कॉलरा (c) टाइफ़ाइड (d) रैबीज़

37. निम्न में से कौन एक ओपन सोर्स ऑपरेटिंग प्रणाली है ?
(a) विण्डोज़ (b) लिनक्स (c) डॉस (d) माइक्रोसॉफ़्ट ऑफिस

38. निम्न में से कौन एक वोलाटाइल मेमोरी है ?
(a) रैम (b) रोम (c) हार्ड डिस्क (d) इनमें से कोई नहीं



Teachingninja.in

39. 'भारतीय पुनर्जागरण के जनक' के नाम से किसे जाना जाता है ?
(a) दयानंद (b) राजा राममोहन राय (c) दादाभाई नौरोजी (d) रवीन्द्रनाथ टैगोर

40. किस वर्ष 'कांग्रेस वर्किंग कमेटी' द्वारा 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' पारित किया गया था ?
(a) 1940 (b) 1942 (c) 1943 (d) 1944

41. 'चौरी-चौरा' काण्ड किस आन्दोलन से सम्बन्धित था ?
(a) असहयोग आन्दोलन (b) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
(c) वहाबी आन्दोलन (d) भारत छोड़ो आन्दोलन

42. भारत के 'मैकियावली' के रूप में किसे जाना जाता है ?
(a) कौटिल्य (b) कामान्दक (c) नरेन्द्र (d) चन्द्रगुप्त

43. कुमाऊँ के कमिश्नर के रूप में ट्रेल ने कितनी बार भू-सुधार किया ?
(a) 05 (b) 07 (c) 09 (d) 12

44. टिहरी रियासत का अन्तिम राजा कौन था ?
(a) सुदर्शन शाह (b) नरेन्द्र शाह (c) कीर्ति शाह (d) मानवेन्द्र शाह

45. गढ़वाल में 'डोला-पालकी' आन्दोलन के मुख्य नेता कौन थे ?
(a) श्रीदेव सुमन (b) रमेशचन्द्र बहुखण्डी (c) जयानंद भारती (d) भगवती चरण निर्मोही

46. कुणिन्द राजवंश का सर्वाधिक शक्तिशाली राजा कौन था ?
(a) अमोघभूति (b) शील वर्मन (c) विष्णु वर्मन (d) गृह वर्मा

47. कुमाऊँ में गोरखा शासन कब स्थापित हुआ था ?
(a) 1790 ई. (b) 1792 ई. (c) 1815 ई. (d) 1850 ई.

48. उत्तराखण्ड के गबर सिंह और दरबान सिंह को किस युद्ध में वीरता के लिये पुरस्कृत किया गया ?
(a) प्रथम विश्वयुद्ध (b) द्वितीय विश्वयुद्ध (c) क्रिमियन युद्ध (d) इनमें से कोई नहीं

49. 'चौफुला नृत्य' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है ?
(a) शिव (b) पार्वती (c) दुर्गा (d) हनुमान

50. 'ढोल-सागर' निम्नलिखित में से किसका प्रतिनिधित्व करता है ?
(a) संगीत परम्परा (b) विवाह परम्परा (c) तांत्रिक परम्परा (d) साहित्य परम्परा

51. अहमदाबाद में 'टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन' की स्थापना किसने की ?
(a) जमनालाल बजाज (b) एम.एन.जोशी
(c) महात्मा गाँधी (d) सरदार वल्लभभाई पटेल

52. बरेली में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया ?
(a) मौलवी अहमदुल्लाह (b) लियाकत अली खाँ
(c) खान बहादुर (d) हज़रत महल



Teachingninja.in

53. निम्नलिखित अनुच्छेदों में से किसमें भारत के नागरिकों के लिए 'समान नागरिक संहिता' का प्रावधान किया गया है ?
(a) अनुच्छेद-102 (b) अनुच्छेद-100 (c) अनुच्छेद-44 (d) अनुच्छेद-46

54. निम्नलिखित में से कौन सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है ?
(a) तमिल (b) संस्कृत (c) अंग्रेजी (d) तेलुगू

55. किस 'संवैधानिक संशोधन एक्ट' ने 'ग्राम सभा' को एक संवैधानिक दर्जा प्रदान किया ?
(a) 73वाँ संवैधानिक संशोधन एक्ट (b) 74वाँ संवैधानिक संशोधन एक्ट
(c) 77वाँ संवैधानिक संशोधन एक्ट (d) 93वाँ संवैधानिक संशोधन एक्ट

56. उन अवशिष्ट विषयों पर, जिनका केन्द्रीय/राज्य/समवर्ती सूचियों में उल्लेख न हो, निम्न में से कौन विधि निर्माण कर सकता है ?
(a) केवल लोकसभा (b) केवल राज्यसभा (c) केवल संसद (d) इनमें से कोई नहीं

57. 'गणतंत्र' का क्या अर्थ होता है ?
(a) जहाँ राज्य का प्रमुख वंशानुगत होता है। (b) जहाँ राज्य का प्रमुख निर्वाचित होता है।
(c) जहाँ राज्य का प्रमुख नामांकित होता है। (d) इनमें से कोई नहीं

58. लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की त्रिस्तरीय योजना की अनुशंसा करने वाली समिति का क्या नाम है ?
(a) महादेवन समिति (b) अशोक मेहता समिति
(c) कोठारी समिति (d) बलवंतराय मेहता समिति

59. भारत में भाषायी आधार पर सृजित पहला राज्य कौन सा था ?
(a) आन्ध्र प्रदेश (b) पंजाब (c) तमिलनाडु (d) कर्नाटक

60. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है ?
(a) उरालिस – नीलगिरि पहाड़ियाँ (b) कादोर्स – कोच्ची
(c) बदगिस – सतपुड़ा पहाड़ियाँ (d) पुल्लायन्स – पालनी पहाड़ियाँ

61. निम्नलिखित में से कौन सी भारत में सबसे बड़ी खारे पानी की झील है ?
(a) चिल्का (b) डल (c) वूलर (d) लाकटेक

62. भारत के किस राज्य में थार मरुस्थल स्थित है ?
(a) गुजरात (b) राजस्थान (c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा

63. भारत में मानवनिर्मित सबसे बड़ी झील कौन सी है ?
(a) हीराकुड संरक्षित झील (b) डल झील
(c) चिल्का झील (d) गोविन्द बल्लभ पन्त सागर (झील)

64. 'राष्ट्रीय बीज निगम' (एन.एस.सी.) की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?
(a) 1968 ई. (b) 1961 ई. (c) 1963 ई. (d) 1965 ई.

65. निम्नलिखित में से कौन एक युद्ध-वाद्य है ?
(a) मोछंग (b) नगाड़ा (c) सारंगी (d) अलगोजा

66. निम्नलिखित में से कौन एक उत्तराखण्ड के 'चारधाम' का हिस्सा नहीं है ?
(a) बद्रीनाथ (b) केदारनाथ (c) रुद्रनाथ (d) गंगोत्री



Teachingninja.in

67. निम्नलिखित नदियों में से कौन सी एक 'नामिक हिमानी' से निकलती है ?
(a) गोरी नदी (b) पश्चिमी रामगंगा नदी (c) पूर्वी रामगंगा नदी (d) काली नदी

68. दूधातोली पर्वतश्रेणी निम्नलिखित में से किन नदियों को पृथक करती है ?
(a) रामगंगा और सरयू नदी (b) पिण्डर और नयार नदी
(c) गोरी गंगा और भिलंगना नदी (d) पिण्डर और पश्चिमी रामगंगा नदी

69. वीएल 204 निम्नलिखित में से किस एक फसल की उन्नत की गई प्रजाति है ?
(a) गेहूँ (b) राजमा (c) मडुआ (d) चावल

70. किस जिले में 'नचिकेता ताल' स्थित है ?
(a) नैनीताल (b) देहरादून (c) उत्तरकाशी (d) चमोली

71. निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति उत्तराखण्ड की नहीं है ?
(a) बुक्सा (b) थारू (c) नागा (d) जौनसारी

72. 'हर की दून' बुग्याल उत्तराखण्ड राज्य के किस जिले में स्थित है ?
(a) देहरादून (b) हरिद्वार (c) टिहरी (d) उत्तरकाशी

73. 'आसन' वैटलैण्ड उत्तराखण्ड राज्य के किस जिले में स्थित है ?
(a) हरिद्वार (b) टिहरी (c) देहरादून (d) उत्तरकाशी

74. निम्नलिखित में से कौन सा एक पर्वत विस्तृत रंगमण्डल (एम्फीथियेटर) जैसी घाटी में खड़ा है ?
(a) मेरू (b) नन्दा देवी (c) माणा पर्वत (d) सुमेरू

75. 2019-2020 में उत्तराखण्ड में कुल आरक्षित वन का क्षेत्रफल क्या था ?
(a) 29527 वर्ग कि.मी. (b) 28829 वर्ग कि.मी.
(c) 26547 वर्ग कि.मी. (d) 36556 वर्ग कि.मी.

76. उत्तराखण्ड में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के संचालन हेतु नोडल विभाग ______ है ।
(a) कृषि विभाग (b) वित्त विभाग (c) राजस्व विभाग (d) इनमें से कोई नहीं

77. निम्नलिखित में से उत्तराखण्ड के किस जिले में ग्रामीण क्षेत्र में महिला उद्यमियों की संख्या षष्टम् आर्थिक गणना (उत्तराखण्ड) 2012-13 के अनुसार सबसे अधिक है ?
(a) पिथौरागढ़ (b) देहरादून (c) हरिद्वार (d) अल्मोड़ा

78. उत्तराखण्ड आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 (अंक-II) के अनुसार, उत्तराखण्ड में स्व-रोज़गाररत व्यक्तियों का अनुपात 2019-20 में ________ था ।
(a) 69.2 प्रतिशत (b) 67.3 प्रतिशत (c) 63.8 प्रतिशत (d) 60.7 प्रतिशत

79. निम्न में से कौन सी नदी 'दक्षिण गंगा' के नाम से जानी जाती है ?
(a) कृष्णा (b) गोदावरी (c) कावेरी (d) महानदी

80. 'सलेम स्टील प्लाण्ट' किस राज्य में बनाया गया है ?
(a) कर्नाटक (b) केरल (c) ओडिशा (d) तमिलनाडु



Teachingninja.in

81. निम्नलिखित में मूल स्वर कौन सा है ?

(a) ओ (b) ऐ (c) उ (d) औ

82. 'उपसर्ग' से निर्मित निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है ?

(a) प्रारम्भ (b) प्रसिद्ध (c) प्रतिकूल (d) प्रमेय

83. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन ओष्ठ्य नहीं है ?

(a) प (b) ध (c) फ (d) भ

84. 'ज्येष्ठ' का विपरीतार्थक है

(a) लघु (b) छोटा (c) लघुत्तम (d) कनिष्ठ

85. 'वे शब्द जो बिना विकृत हुए ज्यों के त्यों हिन्दी भाषा में आ गये हैं' – क्या कहलाते हैं ?

(a) तद्भव शब्द (b) तत्सम शब्द

(c) विदेशी शब्द (d) देशज शब्द

86. 'भ्रमर' का पर्यायवाची शब्द है

(a) मिलिन्द (b) वैश्वानर

(c) अम्बक (d) रसाल

87. 'पेट में पाँव होना' मुहावरें का अर्थ है

(a) कोई बात मन में न रख सकना ।

(b) अत्यंत छली या कपटी होना ।

(c) अपनी बात जल्दी दूसरों पर प्रकट न करना ।

(d) किसी का भेद लेने के लिए उससे घनिष्ठता स्थापित करना ।

88. किस समास में पूर्व पद विशेषण और उत्तर पद विशेष्य होता है ?

(a) द्वन्द्व समास (b) कर्मधारय समास

(c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास

89. निम्नलिखित में से किस शब्द में विसर्ग सन्धि है ?

(a) निर्निमेष (b) जलोर्मि

(c) विस्मरण (d) वागीश

90. 'अर्ध विराम' का चिह्न है

(a) , (b) ; (c) ! (d) ( )



Teachingninja.in

91. निम्न में से 'प्रत्यय' है :

(a) अति (b) निः (c) प्र (d) इक

92. उच्चारण स्थान के आधार पर 'च' किस वर्ग का व्यंजन है ?

(a) दंत्य (b) वर्त्स्य (c) तालव्य (d) दंत्योष्ठ्य

93. 'भारतेन्दु' शब्द में कौन सी संधि है ?

(a) दीर्घ संधि (b) अयादि संधि

(c) वृद्धि संधि (d) गुण संधि

94. 'जो नियत समय से पहले या पीछे हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा

(a) सावधिक (b) अवश्यम्भावी

(c) असामयिक (d) सार्वकालिक

95. 'वे व्यंजन जिनके उच्चारण में वायु, नासिका पथ से बाहर निकलती है।' उन्हें कहते हैं

(a) अंतस्थ व्यंजन (b) स्पर्श व्यंजन

(c) अनुनासिक व्यंजन (d) ऊष्म व्यंजन

96. 'रस्सी जल गई पर ऐंठन न गई' लोकोक्ति का अर्थ है

(a) योग्यता से अधिक आकांक्षा करना ।

(b) धन नष्ट हो जाने के उपरांत भी शेखी का न जाना ।

(c) इच्छाएँ अधूरी रह जाना ।

(d) घमण्ड में चूर रहना ।

97. मन के सुख-दुःख, क्रोध, हर्ष आदि भावों की तीव्रता व्यक्त करने के लिए किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?

(a) प्रश्न चिह्न (?) (b) विस्मयादिबोधक (!)

(c) अल्प विराम (,) (d) पूर्ण विराम (।)

98. 'कोई आया है' – वाक्य में 'कोई' शब्द में सर्वनाम का कौन सा भेद है ?

(a) संकेतवाचक सर्वनाम (b) प्रश्नवाचक सर्वनाम

(c) अनिश्चयवाचक सर्वनाम (d) निश्चयवाचक सर्वनाम

99. निम्नलिखित में तद्भव शब्द का चयन कीजिए :

(a) कपूर (b) आकाश (c) प्रकाश (d) समुद्र

100. 'मित्रता' शब्द में कौन सी संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक (b) भाववाचक

(c) व्यक्तिवाचक (d) द्रव्यवाचक



Teachingninja.in